Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष ३० अंक- ४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ से २८ फरवरी - २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)

## मऊ से आनंद विहार को जोड़ने वाली नई रेलगाड़ी से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा-पीयूष गोयल




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग और उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक १४.०२.२०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मऊ-आनंद विहार सप्ताह में दो बार चलने वाली विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए,पीयूष गोयल ने कहा,मऊ को आनंद विहार से जोड़ने वाली यह नई रेलगाड़ी पूर्वांचल के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी। नई रेलगाड़ी इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार में, उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन २००६-१४ की तुलना में दस गुना तक बढ़ा दिया गया है। यह रेलगाड़ी प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को २०.५० बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन ११:३० बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी और प्रत्येक बुधवार और शनिवार को १६:४५ बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन ०६:२० बजे मऊ पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी में कुल २१ एलएचबी कोच होंगे। इसके दोनों दिशाओं में औंरिहर, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ और कानपुर सेंट्रल स्टेश्नों पर ठहराव होंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने दिनांक १३ फरवरी को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-२०२१' से सम्मानित प्रदेश के ०५ विजेताओं को ५१,००० रु० का चेक व टैबलेट देकर किया सम्मानित ।




माघ मेला 2021 के प्रमुख स्नान पर्वो पर प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश व्यवस्था

प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड से

माघ मेला के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जं. पर सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बन्द रहेगा जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र. सं. | पर्व का नाम | तिथि | दिन | सिविल लाइन्स साइड से प्रवेश बंद रहने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बसंत पंचमी | 16.02.2021 | मंगलवार | दिनांक 15.02.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 17.02.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 2. | माघी पूर्णिमा | 27.02.2021 | शनिवार | दिनांक 26.02.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 28.02.2021 रात्रि 12 बजे तक |
| 3. | महाशिवरात्रि | 11.03.2021 | गुरुवार | दिनांक 10.03.2021 शाम 6 बजे से दिनांक 12.03.2021 रात्रि 12 बजे तक |

प्रयागराज जंक्शन से संचालित मेला स्पेशल ट्रेन हेतु निर्धारित प्रवेश द्वार, यात्री आश्रय एवं बुकिंग कार्यालय और उनके रंग

प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड से

| स्पेशल ट्रेन की दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय का रंग |
|---|---|---|
| लखनऊ एवं वाराणसी की तरफ | 1 लाल रंग | लाल रंग |
| मिर्जापुर, विन्ध्याचल एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की तरफ | 2A नीला रंग | नीला रंग |
| मानिकपुर एवं सतना की तरफ | 2B पीला रंग | पीला रंग |
| फतेहपुर एवं कानपुर की तरफ | 3 हरा रंग | हरा रंग |
| सभी दिशाओं के आरक्षित टिकट धारक यात्रियों के लिए | 4 सफेद रंग | - |

आवश्यक सूचना:–माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित टिकट काउन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

210/21(R) North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRO NCR

# दक्षिण पश्चिम रेलवे के शिमोगा सेक्शन में रोड़ ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की रखी गयी आधारशिला





पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे के शिमोगा सेक्शन में भविष्य की तैयार रेल प्रणाली के लिए अवसंरचना निर्माण कार्य को आगे बढ़ाते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा रेल, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता कार्य और खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दक्षिण रोड़ ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की आधारशिला रखी। ये आरओबी तीन लेवल क्रॉसिंग गेट (एलसी-३४, ४६, ५२) शिवमोग्गा में २ और दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूर डिविजन के अंतर्गत भद्रावती में एक रेलवे क्रॉसिंग के बदले में बनाए जा रहे हैं।

पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी जबकि अन्य गणमान्य व्यक्ति शिमोगा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल को इस पहल के लिए बधाई दी और कर्नाटक में विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज तीन रोड़ ओवरब्रिज की आधारशिला रखी गई है, मुझे विश्वास है कि हम तेजी से काम करेंगे। ये परियाजनाएं शिवमोग्गा के लोगों की सेवा करेंगी। इससे व्यवसाय में सुगम्यिता आएगी और लोगों की जिंदगी और अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण पश्चिम रेलवे के शिमोगा सेक्शन में परियोजनाओं से समय की बचत होगी और सुरक्षा बढ़ेगी। पीयूष गोयल ने कहा कि तीन लेवल क्रॉसिंग के समाप्त होने से संचालन सुरक्षा में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी और परिणाम स्वरूप कार्यकुशलता तथा उत्पादकता बढ़ेगी। रेलवे ने २०३० तक भविष्य के लिए तैयार रेल प्रणाली बनाने के लिए राष्ट्रीय रेल योजना की घोषणा की है।

# किसानों को बरगला कर राजनीति कर रहा है विपक्ष - सिद्धार्थनाथ



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। विपक्ष किसानों को बरगला कर राजनीतिक जमीन तलाश रहा है यह कहना है,प्रदेश सरकार के प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह का। दिनांक ०६.०२.२०२१ को उन्होने कहा कि जो लोग किसानों के हमदर्द बन रहे हैं, वही आजादी से वर्ष २०१४ तक उसकी बर्बादी की वजह थे। उन्होने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार दशकों से लंबित परियोजनाओं को प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में शामिल कर पूरा कराया गया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की आय दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसान अब पहले से अधिक खुशहाल हैं। किसानों को बदहाल बनाकर उसे वोट बैंक के रूप में रखने वाले विपक्ष को किसानों की यह खुशहाली रास नहीं आ रही है। सिद्धार्थनाथ ने कहा कि हाल में आए आम बजट में भी गांव और किसानों का खास खयाल रखा गया है।

# मौनी अमावस्या पर संगम पर उमड़ा आस्था का जन सागर



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर आस्था की लहरें कोरोना संक्रमण के डर को संगम तट पर भक्ति के सागर मे बहा ले गई। बृहस्पतिवार दिनांक ११.०२.२०२१ को प्रयागराज में श्रवण नक्षत्र के दुर्लभ योग में मौन डुबकी के लिए देश के कोने-कोने से आधी रात को ही भक्ति का कारवां उमड़ने लगा। अमावस्या स्नान के लिए एक-दूसरे का हाथ थामे लोग बढते रहे।

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की उत्तर मध्य रेलवे के कार्यो की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, परिसंपत्ति विश्वसनीयता, समय पालनता, माल लदान, राजस्व अर्जन और मानव संसाधन विकास की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिनांक १०.०२.२०२१ को आयोजित बैठक में अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव, संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्ष, प्रयागराज, झांसी और आगरा के मंडल रेल प्रबंधक और मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। संरक्षा समीक्षा के दौरान, खुली वैगन की कवरिंग शीट को उचित रूप से बांधने के लिए बरती जाने वाली सावधानियां रनिंग लाइन के पास फिक्स्ड संरचना के लिए समुचित फाउंडेशन वैगन दरवाजे और उसकी लॉकिंग व्यवस्था का अनुरक्षण आदि पर भी चर्चा की गई। इसी कड़ी में गाड़ियों की समय पालनता, माल लदान, राजस्व अर्जन आदि कार्यो की भी समीक्षा की गई।

# अवैध टिकटों के कारोबार में संलिप्त व्यक्ति हुआ गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं उन्हें बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में ०६ फरवरी,२०२१ को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी एवं जीआरपी भटनी द्वारा भटनी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-२ से एक व्यक्ति को ०४१८६ बरौनी-ग्वालियर विशेष गाड़ी की एक महिला यात्री का मांग टीका चोरी कर ले जाते हुये गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल अपराध सूचना शाखा वाराणसी एवं रेलवे सुरक्षा बल मंडुवाडीह के कर्मचारियों द्वारा राजतालाब स्थित डिजिटल जनसेवा केन्द्र पर छापा मारकर अवैध टिकटों के कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को ११ अदद पर्सनल यूजर आई. डी. पर बने २७ ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार कर रेल अधिनियम की धारा-१४३ के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# भारतीय रेलवे ने जनवरी २०२१ में माल ढुलाई का अब तक का उच्चतम आंकड़ा किया दर्ज



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जनवरी २०२१ में माल ढुलाई का अबतक का उच्चतम आंकड़ा यानी ११६.७६ मिलियन टन (एमटी) दर्ज किया। पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मार्च २०१६ में ११६.७४ मिलियन टन (एमटी) ढुलाई का था। भारतीय रेलवे पिछले कुछ महीनों में माल लदान पिछले वर्ष के लदान और उसी अवधि में की गई कमाई के आकड़ों को पार कर गया है। उम्मीद है कि ढुलाई के लिए इस वर्ष का संचयी माल लदान पिछले साल के माल लदान के आंकड़े को पार कर जाएगा। उल्लेखनीय है कि रेल द्वारा माल ढुलाई को बेहद आक"र्षक बनाने के लिए भारतीय रेलवे की ओर से कई रियायत/छूट दी जा रही हैं। भारतीय रेलवे द्वारा कोविड-१६ से उपजी परिस्थितियों का उपयोग अपनी चौतरफा दक्षता और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

यही नहीं, जोनल एवं मंडल स्तरों पर मौजूद व्यावसायिक विकास इकाइयां (बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट्स) और माल ढुलाई की गति को दोगुना करने के कदम सतत विकास की प्रक्रिया को गति प्रदान करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# पुणे-हावड़ा-पुणे के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन १४ फरवरी से

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। रेल यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा गाडी संख्या ०२२७६/०२२८० पुणे-हावड़ा-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाडी संख्या ०२२७६ पुणे-हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पुणे से प्रत्येक रविवार को १४ फरवरी, २०२१ से एवं गाडी संख्या ०२२८० हावड़ा-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन हावड़ा से प्रत्येक मंगलवार को १६ फरवरी, २०२१ से चलेगी। यह गाड़ी आगामी आदेशानुसार चलती रहेगी। इसका ठहराव दौड़, बेलापुर, कोपरगॉव, जलगॉव, मल्कापुर, शेगांव, भंडारारोड, तुमसर रोड, डोंगरगढ़, बिलासपुर, चांपा, ब्रजराजनगर, चक्रधरपुर सहित अनेक स्टेशनो में दिया जा रहा है। इसमें ०२ एसएलआर, ०३ सामान्य, ०६ एसी थ्री टीयर, ०२ एसी टू, १० शयनयान, ०१ पेंट्रीकार सहित २४ कोचों के साथ चलाई जायेगी।

## बजट मे आवंटित राशि से परियोजनाओं में आएगी तीव्रता-महा प्रबंधक,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल बजट वर्ष २०२१- २०२२ में आधारभूत संरचना एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। विगत वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में जहां यात्री सुविधाओं के मद में ११८ करोड रुपए आवंटित किए गए थे वही २०२१-२२ के बजट में यात्री सुविधाओं के मद में ४०४ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। इस वर्ष के बजट कोरोना संक्रमण जैसी विषम परिस्थितियों के बाद भी बहुत ही प्रगतिशील एवं आशावाद बताया है। वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक गौतम बनजी ने कहा कि रेल मंत्रालय के प्राथमिकताओं में यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना का विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यात्री सुविधाओं के साथ संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इस बजट से ना केवल चल रही आधारभूत संरचना का विकास होगा वर्णन यात्री सुविधाओं के मद्देनजर संरक्षा के साथ यात्रियों को बेहतरीन सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा। केंद्र सरकार के मेड इन इंडिया अभियान में रेलवे को एक महत्वपूर्ण भागीदार करार दिया गया है। प्रगतिशील कार्यों में किसी भी तरह के अवरोध को आगे आने नहीं दिया जाएगा एवं कस्टमर ऑरिएंटेड कार्य को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी।

## उत्तर मध्य रेलवे के अस्पतालों में १५०० से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को लगा कोविड-१६ टीका

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाइयों में अब तक संचालित १० टीकाकरण केंद्रों में १५६१ स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य फ्रंटलाइन कर्मियों को कोविड-१६ वैक्सीन लगाया गया है। अब तक टीकाकरण किए गए कुल १५६१ में से १०२१ रेलवे कर्मचारी हैं और ५४० अन्य स्वास्थ्य सेवा और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी हैं। अब तक केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज में ६८७,रेलवे अस्पताल कानपुर में २८४, रेलवे अस्पताल टूंडला में ५६, रेलवे अस्पताल झांसी में २५८ और रेलवे अस्पताल आगरा में २१४ व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया है, जबकि बाकी ६२ को झांसी डिवीजन के स्वास्थ्य इकाइयों में टीका लगाया गया है। कुल १५६१ में से १११ डॉक्टरों द्वारा टीका लगवाने की बड़ी भागीदारी से इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान के प्रति विश्वास बढ़ाने में मदद मिली है।

## राष्ट्रीय रेल योजना का हिस्सा तैयार कर रहा रेलवे का भविष्य

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और भारतीय रेलवे नेटवर्क का भविष्य तैयार करने के लिए भारतीय रेलवे ने देशभर के विभिन्न जोनों में ५६ परियोजनाओं की पहचान की है, जिन्हें फरवरी मार्च २०२१ और वित्त वर्ष २०२१-२२ तक पूरा किया जाएगा। इस वर्ष भारतीय रेलवे के पास अब तक की सबसे ज्यादा २,१५,०५८ करोड़ रुपये की योजनाएं हैं, जिसमें से आम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए १,०७,१०० करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

इस बार मिसाल कायम करते हुए रेलवे ने मौजूदा परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के साथ-साथ घोषित नई परियोजनाओं का काम करने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। जहां तक नई बड़ी परियोजनाओं की बात है तो नई लाइनों के लिए ४०,६३२ करोड़ रुपये, दोहरी-करण के लिए २६,११६ करोड़ रुपये, यातायात सुविधाओं के लिए ५,२६३ करोड़ रुपये और आरओबी / आरयूबी के लिए ७,१२२ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में यातायात सुविधाओं ने राशि आवंटन में १५६ प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि नई लाइनों के लिए निर्धारित राशि में ५२ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

इन प्रमुख परियोजनाओं के अलावा जनता की सुविधा के लिए रेलवे इस वर्ष १२०० से अधिक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और सबवे निर्माण पूरा करने के लिए तैयार है। ये आरओबी/आरयूबी शहरों और अन्य क्षेत्रों में जनता के लिए महत्वपूर्ण हैं, जहां रेलवे लाइनें गुजर रही हैं। इन मौजूदा परियोजनाओं के अलावा इस वर्ष नए आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिए अतिरिक्त ७,१२२ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

बता दें कि देश में मौजूदा आरओबी /आरयूबी की कुल संख्या १४००० है। वार्षिक योजना २०२१-२२ का जोर बुनियादी ढांचे के विकास, निर्माण वृद्धि, टर्मिनल सुविधाओं के विकास, ट्रेनों की गति बढ़ाने, सिग्नल प्रणाली, यात्रियों/ उपयोगकर्ताओं की सुविधाओं में सुधार, सड़क के ऊपर नीचे बनने वाले पुलों के सुरक्षित कार्यो आदि पर है।

## १६ फरवरी से ४५ दिन बंद रहेगा वंदे भारत एक्सप्रेस का सफर

रे.स.ब्यू./सूत्र। वंदे भारत देश में निर्मित पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन ४५ दिन तक कोच के मेंटीनेंस के कारण नहीं चलेगी। रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस में १६ फरवरी से रिजर्वेशन पर भी रोक लगा दी है। इस वजह से वंदे भारत एक्सप्रेस १६ फरवरी से डेढ़ माह के लिए बंद रहेगी। इसके स्थान पर रेलवे तेजस एक्सप्रेस को संबंधित रूट पर चलाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अभी ४५ दिनों के लिए वंदे भारत के स्थान पर तेजस के कोच का इस्तेमाल किया जाएगा।

## बजट में मिला यूपी को दो ट्रेनों का तोहफा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा वित्त वर्ष २०२१-२२ के लिए पेश किए गए बजट में दो ट्रेनों का तोहफा दिया गया है। वहीं बजट में इस बार आम करदाता के टैक्स स्लैब में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है और ७५ वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को राहत दी गई है। उन्हें अब टैक्स भरने की आव'यकता नहीं होगी। दो ट्रेनों का तोहफे मे पहली गोमती नगर (लखनऊ) से जयपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन चलेगी। जिसका संचालन ५ फरवरी से शुरू होगा। वहीं, दूसरी ट्रेन कामाख्या से लखनऊ होते हुए उदयपुर रवाना होगी। इसका संचालन ८ फरवरी से शुरू होगा। सरकार ने स्वच्छ हवा के लिए भी अपना पिटारा खोला है। सरकार ने शहरी, ग्रामीण स्वच्छता के लिए बजट में प्रावधान किए हैं। बजट में कई सरकारी कंपनियों के विनिवेश का भी एलान किया गया है। इसी कड़ी में लेह में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाएगा और अनुसूचित जाति के ४ करोड़ विद्यार्थियों को ३५ हजार करोड़ रुपये दिए जाएंगे। बजट में इस साल राजको"ीय घाटा के ६.८ फीसदी तक रहने का अनुमान किया गया है।

## दोहरीकरण के कार्य के चलते मंडुवाडीह से चलेगी विभूति एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज रामबाग से हावड़ा जाने वाली ०२३३३/०२३३४ विभूति एक्सप्रेस २० फरवरी तक रामबाग से मंडुवाडीह तक निरस्त रहेगी। इस दौरान ट्रेन का संचालन मंडुवाडीह से वाराणसी के बीच होगा। दरअसल वाराणसी-प्रयागराज जंक्शन के बीच रेलवे द्वारा दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस वजह से संबंधित रूट पर कुछ ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है।

## लॉकडाउन में दर्ज मुकदमे होंगे रद्द

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर दर्ज किए गए मुकदमों पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए इन्हे रद्द करने का आदेश दिया है। बता दें कि पहले सिर्फ व्यापारियों पर दर्ज किए गए मुकदमे रद्द किए गए थे। वहीं यूपी सरकार के इस फैसले से ढ़ाई लाख से अधिक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और मुकदमों के कारण पुलिस और कचहरी के चक्कर लगा रहे व्यापारियों और लाखों लोगों को जल्दी ही इससे छुटकारा मिल जाएगा। इसके पहले सरकार ने प्रदेश भर के व्यापारियों के खिलाफ लॉकडाउन के दौरान दर्ज हुए मुकदमें वापस लिए जाने के निर्देश जारी किए थे। जिसके बाद व्यापारियों पर दर्ज मुकदमों का ब्योरा जुटाने के निर्देश कानून मंत्री बृजेश पाठक ने अधिकारियों को दिए थे। राज्य सरकार का मानना है कि इन मुकदमों से आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## जल्द शुरू होगी प्रयागराज से चित्रकूट के बीच विमान सेवा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज से चित्रकूट के बीच विमान सेवा जल्द शुरू होगी, क्योंकि अगले माह चित्रकूट एयरपोर्ट बन कर तैयार हो जाएगा। रविवार दिनांक १४.०२.२०२१ को निदेशक विमानपत्तन अंचल प्रकाश ने चित्रकूट के साथ प्रयागराज एयरपोर्ट का जायजा लिया। प्रयागराज, लखनऊ आदि शहरों के लिए पीएम मोदी की उड़ान योजना के तहत चित्रकूट से २० सीट वाले छोटे विमान चलाने की तैयारी की जा रही है। अगले माह १५ मार्च तक चित्रकूट एयरपोर्ट उड़ान भरने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इसके बाद यहां से लखनऊ एवं प्रयागराज के लिए सीधी उड़ान यात्रियों को उपलब्ध होगी। आने वाले समय में अयोध्या एयरपोर्ट तैयार होने के बाद अयोध्या से प्रयागराज होते हुए चित्रकूट के लिए भी फ्लाइट शुरू होगी।

# रेलमंत्री ने की डीएफसीसीआईएल के कार्यो की प्रगति की समीक्षा



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। रेल, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड (डीएफ-सीसीआईएल) के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें डीएफसी- सीआईएल के एमडी समेत रेलवे बोर्ड तथा डीएफसी- सीआईएल के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि डीएफसी में पूंजीगत व्यय के उपयोग में पिछले वर्ष की तुलना में २१ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोविड १६ लॉकडाउन के कारण परियोजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बावजूद, वित्त वर्ष २०२०-२०२१ के पहले १० महीनों में, पिछले वर्ष की समान अवधि के ६७८३ करोड़ रुपये की तुलना में ८२०१ करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय दर्ज किया गया है। पीयूष गोयल ने डीएफसीसीआईएल की प्रबंधन टीम और ठेकेदारों को पश्चिमी डीएफसी (१५०४ किमी) और पूर्वी डीएफसी (१८५६ किमी) के सभी खंडों में कार्यो की गति बढ़ाने के लिए सभी संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में, प्रत्येक खंड की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी बाधाओं का समाधान निकालते हुए तेज प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान, यह निर्णय लिया गया कि सभी ठेकेदारों के काम की कड़ी निगरानी की जाएगी। सभी मुद्दों के समाधान के लिए मिशन मोड में राज्यों के साथ समन्वय किये जायेंगे। भारतीय रेल, तेज गति से माल गाड़ियों के आवागमन के लिए समर्पित फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण कर रहा है। समर्पित फ्रेट कॉरिडोर को भारत के आर्थिक विकास में एक गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०




# मेम्बर फाइनेंस, रेलवे बोर्ड ने किया झाँसी मंडल का दौरा



रे.स.ब्यूरो./संवा.झाँसी। मेम्बर फाइनेंस, रेलवे बोर्ड नरेश सालेचा ने दिनांकः१३.०२.२१ को झाँसी मंडल का दौरा किया। दौरे के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के साथ उन्होने पश्चिम रेलवे कॉलोनी स्थित नव संस्थापित सीवेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और ट्रीटमेंट प्लांट की उपयोगिता के दृष्टिगत प्रोजेक्ट की प्रशंसा की। इस दौरान नरेश सालेचा द्वारा उद्यान में पौधरोपण भी किया गया।

इसी कड़ी में मेम्बर फाइनेंस ने झाँसी स्टेशन का निरीक्षण किया गया और यात्री सुविधा को किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर, अपर मंडल रेल प्रबंधक(तकनीकी) अमित सेंगर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अमतांशु मौर्य, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य) रघुनाथ सिंह, मंडल अभियंता(मुख्यालय) रामेश्वर कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रियंका गांधी ने सियासी धारा को मोड़ने का दिया संदेश



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मौनी अमावस्या पर बृहस्पतिवार दिनांक ११.०२.२०२१ को बेटी मिराया वाड्रा संग स्नान किया। संगम में स्नान के दौरान प्रियंका ने श्रद्धालुओं संग सेल्फी ली। संगम से अरैल घाट लौटते समय नाव की पतवार खुद ही संभाल ली और संदेश दिया कि २०२२ के चुनाव में सियासी धारा को वह कांग्रेस पक्ष में मोड़ने के लिए तैयार हैं। इसके बाद उन्होंने मनकामेश्वर मंदिर में शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने अपने पूर्वजों को स्वराज भवन में नमन किया तथा अनाथालय के बच्चों से मुलाकात की और नाव से भ्रमण कर संगम स्नान और पूजन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से एयरपोर्ट, स्वराज भवन और अरैल घाट पर प्रियंका का स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, उनकी बेटी आराधना मिश्रा, आदि नेता उनके साथ-साथ रहे।

# माघ मेले में दद्दा जी के शिविर पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेले मे पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव ने सात दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण यज्ञ के समापन की पूर्व संध्या पर साझा तौर पर कहा कि संत देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के हर हर गंगे-घर-घर गंगे के नारे को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण की परंपरा आने वाले समय में भी जारी रहेगी। इस दौरान राजपाल यादव ने कहा कि दद्दा ने हर हर महादेव- घर-घर महादेव, हर हर गंगे- घर घर गंगे का संदेश दिया था। वह हमेशा अपने शिष्यों को जीवन की हकीकत से परिचित कराते रहे और हमेशा जगत कल्याण की बात करते रहे। वार्ता के समय शिविर के संयोजक संतोष शुक्ला समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

**खेद है**
**पाठक तारीख की गलतियों को (भूल) सुधार कर पढ़े।**

**केंद्रीय बजट 2021-22 में रेलवे से संबंधित विशेष जानकारी अगले अंक में।**

